## Regarding railway related issues in Amethi

श्री किशोरी लाल **(**अमेठी**) :** महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

मैं आज सरकार से अपने क्षेत्र की दो रेल लाइनों के बारे में बात करना चाहता हूँ । एक लाइन रायबरेली-महाराजगंज वाया अकबरगंज है और दूसरी लाइन ऊंचाहार-अमेठी-सुल्तानपुर होते हुए शाहगंज तक की है । इन दोनों लाइनों का शिलान्यास वर्ष 2013 में हुआ था, लेकिन आज तक हमें इनका स्टेट्स ही पता नहीं है कि इन लाइनों पर काम हो रहा है या नहीं हो रहा है । मेरा सिर्फ यही निवेदन है कि सरकार इसका शीघ्र जवाब दे ताकि हम अपने क्षेत्रवासियों को इनके स्टेट्स के बारे में बता सकें । धन्यवाद ।